## न्यूज डायरी



### पीएम मोदी के कश्मीर दौरे पर आगबबूला हुआ पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू–कश्मीर यात्रा और चिनाब नदी पर रतले और क्वार पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण के लिए आधारशिला रखने पर पाकिस्तान लाल हो गया है और उसने आपत्ति जताई है। पाकिस्तान का दावा है कि यह सिंधु जल संधि का प्रत्यक्ष उल्लंघन था। इससे पहले अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद पीएम मोदी पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार को जम्मू–कश्मीर गए। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने रतले और क्वार जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखी। किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर लगभग 5,300 करोड़ रुपये की लागत से 850 मेगावाट की परियोजना और उसी नदी पर 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना का निर्माण किया जाएगा।

### अंतरिक्ष से जलता हुआ यूएफओ प्रशांत महासागर में हुआ क्रैश!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अंतरिक्ष का सबसे बड़ा रहस्य एलियंस की मौजूदगी है। लंबे समय से वैज्ञानिक कुछ सवालों के जवाब ढूंढ रहे हैं, जैसे– क्या एलियंस वाकई हैं? अगर हैं तो कहां हैं? और एलियंस के अस्तित्व से धरती को क्या खतरा है? दूसरी दुनिया के प्राणी को लेकर हालिया दावा हार्वर्ड के एक वैज्ञानिक ने किया है। वैज्ञानिक का कहना है कि संभवतः एलियंस का एक विमान प्रशांत महासागर में क्रैश हुआ है। अपने दावे को साबित करने के लिए वह एक मिशन शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। डेलीस्टार की खबर के अनुसार एस्ट्रोफिजिसिस्ट एवी लोएब ने दावा किया है कि एक स्पेसक्राफ्ट जैसी चीज धरती पर क्रैश हुई और पापुआ न्यू गिनी के मैनुस द्वीप के तट से टकराई। हालांकि अमेरिकी स्पेस कमांड ने कहा कि यह वास्तव में सिर्फ एक उल्कापिंड था। यह पहली बार नहीं है जब लोएब इस तरह के दावे कर सुर्खियों में आए हैं।

### शंघाई में नहीं थम रहीं मौतें...बीजिंग तक फैला कोरोना का खौफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। कोरोना वायरस का कहर चीन में बढ़ता जा रहा है। सबसे बड़ा शहर शंघाई सख्त लॉकडाउन और संक्रमण से बढ़ती मौतों की दोहरी मार झेल रहा है। जो इलाके संक्रमण से बच गए हैं उन्हें वायरस के खौफ ने अपनी जद में ले लिया है। डर इस कदर फैल चुका है कि बीजिंग के कुछ इलाकों में लॉकडाउन लगा दिया गया है और एक जिले में कोविड टेस्ट को अनिवार्य कर दिया गया है। चीन अपनी श्जीरो कोविड नीतिश में बिल्कुल भी ढील देने के मूड में नहीं है जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। करीब 2 करोड़ की आबादी वाले बीजिंग के कई रिहायशी इलाकों में लॉकडाउन लगा दिया गया है। पिछले वीकेंड दर्जनों मामले सामने आने के बाद शाओयांग जिले को इस हफ्ते तीन बार टेस्ट करने के आदेश जारी किए गए हैं। चेतावनी दी गई है कि आने वाले दिनों में बीजिंग में और अधिक मामले सामने आ सकते हैं।

### तालिबान का नया फरमान– अलग–अलग होंगी लड़के–लड़कियों की क्लासेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने अब को–एजुकेशन पर रोक लगाने का फरमान जारी किया है। इस क्रम में सप्ताह में तीन दिन केवल लड़कियों के लिए यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई होगी और बाकी के तीन दिन लड़कों के लिए कालेज खुलेंगे। तालिबान के इस फैसले की देशभर में निंदा की जा रही है। यूनिवर्सिटी के लेक्चरर्स व विद्यार्थियों ने इसे पूरी तरह गलत बताया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार तालिबान सरकार ने लड़कों और लड़कियों के कालेज में पढ़ने के लिए अलग अलग दिन निर्धारित कर दिया है। टोलो न्यूज ने यूनिवर्सिटी के लेक्चरर महदी आरेफी के हवाले से बताया , शिक्षण संस्थानों में सरकार का दखल पाजिटिव होना चाहिए न कि नेगेटिव। सरकार को नए फैकल्टी और नए एजुकेशनल अवसरों को उपलब्ध कराना चाहिए।

# पाकिस्तानी सेना के हवाई हमलों से घबराया तालिबान!

**फैसला**

### तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल में हुए हमलों को लेकर एक अहम फैसला लिया है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल में हुए हमलों को लेकर एक अहम फैसला लिया है, जिसमें तालीबान ने इस्लामाबाद की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद पाकिस्तान के साथ देश की सीमा से लगे क्षेत्रों से आतंकवादी समूहों को अन्य हिस्सों में स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। घटनाक्रम से परिचित अधिकारियों ने रविवार को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून को बताया कि पाकिस्तान ने हाल ही में सीमा पार आतंकवादी हमलों के बाद अफगान तालिबान को आतंकवादी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करने या परिणाम भुगतने के लिए चेतावनी दी।



इस्लामाबाद के कड़े संदेश के जवाब में तालिबान ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और उसके सहयोगियों को सीमावर्ती क्षेत्रों से अफगानिस्तान के अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के लिए मनाने का फैसला किया है। इस मुद्दे से निपटने वाले एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा, 'कुछ समूहों को हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों से पहले ही हटा दिया गया है।'

**तालिबानी रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को दी थी चेतावनीः** अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान, हालांकि दृष्टिकोण से सहमत नहीं है, लेकिन कम से कम सीमा पार आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए तालिबान के फैसले को स्वीकार करता है। अधिकारी ने कहा, 'हमारी मांग स्पष्ट है कि इन समूहों को समाप्त किया जाना चाहिए या इस पार से निपटा जाना चाहिए कि वे फिर कभी हमारे लिए खतरा पैदा न करें।' हाल के हफ्तों में सीमा पार से आतंकवादी हमलों में वृद्धि हुई है, जिसमें कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तान ने कथित तौर पर अफगानिस्तान के कुनार और खोस्त प्रांतों में आतंकवादी ठिकानों को खत्म करने के लिए हवाई हमले किए हैं।

इससे पहले तालिबानी रक्षा मंत्री ने चेतावनी दी थी कि हम पाकिस्तान के हवाई हमलों को अब सहन नहीं करेंगे और करारा जवाब देंगे। यही नहीं तालिबानी आतंकियों ने रविवार को पाकिस्तान के फाइटर पर एंटी एयरक्राफ्ट गन से हमला भी किया। इससे पहले तालिबान ने कहा था कि उनकी जमीन पर आतंकी गुट सक्रिय नहीं हैं।

बता दें कि टीटीपी जैसे आतंकी समूह अफगानिस्तान की जमीन से पाकिस्तानी सेना पर लगातार खूनी हमले कर रहे हैं। इसमें कई पाकिस्तानी सैनिकों की जान भी गई है।

## रूस के साथ जंग को जीत सकता है यूक्रेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का मानना है कि रूस के खिलाफ जंग को यूक्रेन जीत सकता है। हालांकि इसके लिए उसे सही हथियारों और सही मदद की जरूरत होगी। वहीं कीव की सीक्रेट यात्रा के बाद, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि रूस अपने युद्ध के उद्देश्यों में विफल और यूक्रेन सफल हो रहा है। एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की यात्रा 24 फरवरी को रूस के आक्रमण के बाद से यूक्रेनी राजधानी की अमेरिकी अधिकारियों की शीर्ष स्तर की यात्रा थी। ब्लिंकन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनके सलाहकारों को बताया कि अमेरिका विदेशी सैन्य वित्तपोषण में 30 करोड़ डॉलर से अधिक की राशि प्रदान करेगा और साथ ही गोला–बारूद की 16.5 करोड़ डॉलर की बिक्री को मंजूरी दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने सोमवार को पोलैंड–यूक्रेन सीमा के पास कहा, श्हमें यूक्रेनी सरकार और यूक्रेन के लोगों के लिए हमारे मजबूत समर्थन को सीधे प्रदर्शित करने का अवसर मिला। यह हमारे फैसले के मुताबिक, विस्तार से आमने–सामने बातचीत करने के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। ब्लिंकन ने कहा कि यूक्रेनी नेतृत्व के साथ उनकी बातचीत तीन घंटे तक चली।



मारियुपोल में बदल चुकी है जिंदगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बीते गुरुवार को कहा था कि करीब 120,000 नागरिक मारियुपोल में फंसे हैं जिन्हें निकलने नहीं दिया जा रहा है। रूसी रक्षा मंत्री ने कहा था कि मारियुपोल का ज्यादातर हिस्सा उनकी सेनाओं के कब्जे में है। जवाब में जेलेंस्की ने कहा कि उनके सैनिक शहर के एक हिस्से में मौजूद हैं। पिछले दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। वीडियो में 20 से अधिक नागरिकों के शव एक सड़क पर नजर आ रहे थे। दावा किया गया था कि यह वीडियो मारियुपोल का है।

## सावधान! भारत–पाकिस्तान की तरफ बढ़ रही झुलसाने वाली गर्मी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। दक्षिण एशिया में गर्मी का मौसम अपने शुरुआती दिनों में ही लोगों को परेशान करने लगा है। अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही भारत और पाकिस्तान में लोग 40–50 डिग्री सेल्सियस की गर्मी झेल रहे हैं। आने वाले दिनों में भी इससे राहत नहीं मिलेगी। स्कॉटलैंड के मौसम विज्ञानी स्कॉट डंकन ने इसकी चेतावनी दी है। ट्विटर पर शेयर एक थ्रेड में उन्होंने लिखा कि खतरनाक और झुलसाने वाली गर्मी भारत और पाकिस्तान की ओर बढ़ रही है।

स्कॉट डंकन ने लिखा, अप्रैल में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ेगा।

**ग्लोबल वार्मिंग को रोकने का रास्ता लंबा**

उच्चतम तापमान के 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। यह गर्मी काफी पहले शुरू हो गई थी...मार्च की शुरुआत से ही।श स्कॉट ने मार्च 2022 का एक ग्राफिक्स शेयर किया और कहा कि आप देख सकते हैं कि मार्च के महीने में दुनिया के इस हिस्से में कितनी बेरहमी से गर्मी पड़ रही है।

उन्होंने डेटा के हवाले से बताया कि कैसे 19वीं शताब्दी के बाद से भारत और पाकिस्तान के तापमान में बदलाव आया है। उन्होंने लिखा, जैसे–जैसे हमारा ग्रह गर्म होता है, हीटवेव और ज्यादा ताकतवर हो जाती हैं। गर्मी के खतरनाक स्तर साल के ज्यादातर समय में देखे जा सकते हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने जनवरी में घोषणा की थी कि साल 2021 तापमान का रिकार्ड रखे जाने के बाद से ग्रह के सात सबसे गर्म वर्षों में से एक था।

औसत वैश्विक तापमान में हर साल लगभग 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो रही है। 2020 में महामारी से थोड़ी गिरावट के बाद 2021 में वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन लगभग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें एक लंबा रास्ता तय करना होगा।

### सत्ता से बाहर जाने के बाद देशभर में इमरान खान की रैलियां जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सत्ता से बाहर होने के बाद इमरान खान देश भर में रैलियां आयोजित कर अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। अब मुल्तान में 10 मई को जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। इस बारे में पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के नेता शाह महमूद कुरैशी ने रविवार को जानकारी दी। उन्होंने ऐलान किया कि इमरान खान 10 मई को मुल्तान में जनसभा को संबोधित करेंगे। कुरैशी रविवार को मुल्तान के बाबर चौक पर वर्करों की रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 10 मई को होने वाली इमरान खान की रैली के लिए तैयारियां करने को कहा। रिपोर्ट के अनुसार जनसभा को संबोधित करते हुए कुरैशी ने सरकार के खिलाफ साजिश की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि इमरान खान के खिलाफ साजिश रची गई, उनकी पार्टी को प्रतिबंधित करने के साथ चुनाव आयोग द्वारा खान को अयोग्य ठहराया गया।